गए तथा इन में से भूतपूर्व सैनिकों को कितने स्टाल आवंटित किए गए ;

(ग) क्या सरकार ने इस शिकायत की जांच की है कि अधिकांश स्टाल मालिक स्टालों को नहीं चला रहे हैं और उन्होंने 400-500 रुपये प्रतिमास पर स्टालों को किराए पर उठा रखा है या उन्हें पगड़ी की आकर्षक धन राशि लेकर बेच दिया है ; और

(घ) क्या सरकार आवंटियों के विरुद्ध जांच करके उनके प्रति कार्यवाही करेगी ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

दिल्ली में शहरी गांव

3472. **श्री अनवार अहमद :** क्या **निर्माण और आवास** मंत्री दिल्ली में शहरी गांवों को नियमित करने के बारे में 14 दिसम्बर, 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3575 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शहरी गांव योजना की विकास संबंधी परियोजना रिपोर्ट पर इस बीच अन्तिम निर्णय ले लिया गया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या उपरोक्त योजना के अन्तर्गत दक्षिणी दिल्ली के जरूददपुर गांव में सभी नागरिक तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कर दी गई हैं और यदि हां, तो किए गए कामों का तथा उन पर हुए व्यय का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इमारतों के नक्शे आदि की अनुमति के लिए इस गांव को नियमित कर दिया गया है ;

(घ) उपरोक्त प्रश्न के भाग (ख) किये गये उल्लेख के अनुसार गृह निर्माण ऋण दिए जाने पर क्या शर्तें लागू होती हैं और क्या यह गांव उन शर्तों को पूरा करता है ;

(ङ) गांव के चारों ओर और जमरूदपुर गांव के पश्चिम में 'स्किन इन्स्टीटयूट" के पास खाली पड़ी भूमि का क्षेत्रफल क्या है जिसे डी०डी०ए० ने कई साल पहले अधिग्रहण किया था और जिसे सामुदायिक उद्देश्यों के लिए न तो नीलाम किया गया है और न प्रयोग किया गया है और जो अप्रयुक्त पड़ी है एवं किन कारणों से यह भूमि बेकार पडी हुई है ; और

(च) इस भूमि पर किया गया अनधिकृत कब्जा कब तक समाप्त कर दिया जाएगा ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Regularisation of colonies in Delhi

3473. SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU:
SHRI NAVIN RAVANI:

Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) the number of colonies in New Delhi and Delhi regularised till now; and

(b) whether Government are going to regularise them?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): (a) 292.